केन्द्रीय मंत्री चौधरी ने किया मोदी फेस्ट का आगाज

BY: नया इंडिया न्यूज/एजेंसी
(HTTP://WWW.NAYAINDIA.COM/AUTHOR/NAYAINDIANEWSAGENCY)

[EDITED BY : MOHAN] ● **PUBLISH DATE:** JUNE 14TH, 2017 3:27 PM

(http://www.hupso.com/share/)

उदयपुर। केन्द्रीय इस्पात मंत्री बीरेन्द्र सिंह नें नगर निगम परिसर में पांच दिवसीय मोदी फैस्ट का शुभारंभ किया। उन्होने मोदी कैबिनेंट स्केटिंग रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पाँच दिन तक चलने वाले इस आयोजन के दौरान विविध कार्यक्रमों के माध्यम से केन्द्र सरकार द्वारा तीन वर्ष के कार्यकाल मे किये गये कार्यों और उपलब्धियों के बारे में आम जनता को बताया जाएगा। मोदी फेस्ट के तहत रोड शो दौरान लीड बैंक की ओर से प्रधानमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, फसल बीमा योजना एवं जीवन ज्योति योजना सहित डिजीटल इंडिया के बारे में लोगों को जागरुक किया गया। केन्द्रीय मंत्री ने मोदी फैस्ट रथ को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मंत्री वीरेन्द्रसिह ने सरकार द्वारा गरीब तबके और खासकर किसानों के लिए किये जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। केन्द्रीय मंत्री ने साफ किया कि ज्यादा जरुरत खेतीहर किसानों को आर्थिक रुप से सशक्त बनाना है। उन्होनें कहा कि केन्द्र सरकार किसान की आमदनी बढाने के लिए कटिबद्ध है और इसी वजह से देश में दलहन की फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य 450 बढ़ाया गया है। आज देश में देश में दलहन का स्टाँक करीब 20 लाख टन है।
केंद्रीय मंत्री ने कहा कि किसान के बेटे को स्किल डेवलपमेंट के माध्यम से रोजगार के लिए प्रेरित करने का काम सरकार कर रही है।उन्होने साफ किया कि नोटबंदी के नाम पर सरकार ने 15 लाख करोड़ रुपया बैंक में जुटाया हैं जिसके दूरगामी परिणाम किसान और गरीब तबके को मिलेंगें। इस्पात मंत्री ने कहा कि भारत मे123 करोड़ लोगों के पास मोबाइल है, जिसके नेटवर्क का रुपया केवल चंद लोग उपभोग करते है। भारत में 1 प्रतिशत लोगों के हाथ में 57 प्रतिशत सम्पदा है। केंद्र सरकार ने 5 साल के भीतर ग्रामीणों की मासिक इनकम 2 गुना करने के लिए कमर कस रखी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार लता स्वामीनाथन कमीशन को लागू करेगी।

Tags: #Rajasthan Current News Online (http://www.nayaindia.com/tag/rajasthan-current-news-online), #Rajasthan Hindi News Online (http://www.nayaindia.com/tag/rajasthan-hindi-news-online), #Rajasthan Latest News Online (http://www.nayaindia.com/tag/rajasthan-latest-news-online), #rajasthan news (http://www.nayaindia.com/tag/rajasthan-news), #Rajasthan Online News (http://www.nayaindia.com/tag/rajasthan-online-news), #Rajasthan Samachar In Hindi (http://www.nayaindia.com/tag/rajasthan-samachar-in-hindi), #राजस्थान न्यूज (http://www.nayaindia.com/tag/%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%9c%e0%a4%b8%e0%a5%8d%e0%a4%a5%e0%a4%be%e0%a4%a8-%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a5%82%e0%a4%9c), #राजस्थान सरकार (http://www.nayaindia.com/tag/%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%9c%e0%a4%b8%e0%a5%8d%e0%a4%a5%e0%a4%be%e0%a4%a8-%e0%a4%b8%e0%a4%b0%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b0), केन्द्रीय मंत्री चौधरी (http://www.nayaindia.com/tag/%e0%a4%95%e0%a5%87%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%a6%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%80%e0%a4%af%e0%a4%ae%e0%a4%82%e0%a4%a4%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%9a%e0%a5%8c%e0%a4%a7%e0%a4%b0%e0%a5%80), मोदी फेस्ट का आगाज